# यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2019 में आईआईटी इंदौर टॉप 100 में




इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा जारी एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2019 में टॉप 100 में आईआईटी इंदौर शामिल हुआ है। 26 जून को यूके के गिल्डफोड में रैंकिंग घोषित की गई।

दुनिया के टॉप 70 संस्थानों में आईआईटी इंदौर की रैंकिंग 68 है। 50 साल से संचालित हो रहे संस्थानों की रैंकिंग जारी की गई है। इसमें टीचिंग, रिसर्च, इंटरनेशनल आउटलुक और इंडस्ट्रीज आउटपुट के वैटेज को देखा गया है। आईआईटी इंदौर को टीचिंग के लिए 30 फीसदी, रिसर्च के लिए 30, साइटेशन के लिए 30, इंटरनेशनल के लिए 7.5 और इंडस्ट्रीज के लिए 2.5 फीसदी वैटेज दिया गया है।

**पहले भी मिलती रही है टॉप रैंकिंग**

आईआईटी इंदौर के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप माथुर का कहना है कि संस्थान कई मामलों में मजबूत है। विषयों को पढ़ाने वाले प्रोफेसर्स को बेहतर चयन प्रक्रिया से रखा जाता है। क्वालिटी रिसर्च और पीएचडी की विभिन्न विषयों में शोध संसाधन संस्थान के पास मौजूद होने से संस्थान को गति मिली है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी संस्थान का नाम दुनिया के बेस्ट संस्थानों में शामिल होता रहा है।

Nai Dunia (Indore), 27th June 2019, Nai Dunia Live, Page-15